आवश्यक सूचना

बिहार मानवाधिकार आयोग

9, बेली रोड, पटना 15

बिहार मानवाधिकार आयोग, पटना के निम्नांकित एम्बेसडर वाहनों की नीलामी उनके वाहन संख्या के सम्मुख अंकित न्यूनतम राशि के अनुसार सूचना भवन प्रांगण के उत्तर, बिहार मानवाधिकार आयोग कार्यालय के परिसर में दिनांक 02.07.2019 को 12:00 बजे दिन में सार्वजनिक नीलामी के आधार पर बेची जायेगी।

01.	BR1AF- 0002	₹ 10,000/-
02.	BR1AB- 0008	₹ 10,000/-
03.	BR1AG- 0018	₹ 10,000/-
04.	BR01AN- 5546	₹ 30,000/-
05.	BR01AN- 5547	₹ 40,000/-

02. उपर्युक्त एम्बेसडर वाहनों को किसी भी कार्यदिवस को बिहार मानवाधिकार आयोग, पटना के उत्तरी परिसर के पार्किंग में देखा जा सकता है।

03. उपर्युक्त एम्बेसडर वाहनों की नीलामी में केवल वे ही व्यक्ति भाग लेने तथा डाक बोलने के हकदार होंगे, जिनके द्वारा प्रति वाहन के रुप में **₹ 5000/-** (पाँच हजार) रु0 प्रतिभूति राशि के रुप में बिहार मानवाधिकार आयोग, पटना के कार्यालय में नीलामी की तिथि से एक (01) दिन पूर्व जमा किया जायेगा।

04. उपर्युक्त एम्बेसडर वाहनों की नीलामी में भाग लेने वाले अधिकतम डाक वक्ता को डाक की कुल राशि का 25% राशि डाक समाप्त होते ही बिहार मानवाधिकार आयोग, पटना के कार्यालय में जमा करना होगा तथा शेष रकम नीलामी के अनुमोदन के एक सप्ताह के अंदर जमा करना होगा। राशि जमा नहीं करने की स्थिति में प्रतिभूति की राशि जब्त कर ली जायेगी।

05. उपर्युक्त एम्बेसडर वाहनों की नीलामी में डाक की रकम पर नियमानुसार GST तथा अन्य कर भी अदा करना होगा।

06. उपर्युक्त एम्बेसडर वाहनों की नीलामी में सफल डाक वक्ता को छोड़कर शेष डाक वक्ताओं की प्रतिभूति की राशि डाक समाप्ति के पश्चात् उसी दिन लौटा दी जायेगी।

07. बिहार मानवाधिकार आयोग, पटना को बिना कारण बताए डाक को अस्वीकृत करने का पूर्ण अधिकार सुरक्षित रहेगा।

उप सचिव
बिहार मानवाधिकार आयोग, पटना

नोटः विशेष जानकारी के लिए Website: www.bhrc.nic.in पर भी संबंधित सूचना को देखा जा सकता है।